# हरियाली तीज को जिले में एक दिन में लगाये जायेंगे दस लाख पौधे : कलेक्टर



बीकानेर कलेक्टर नम्रता वृष्णि ने हरियाली तीज पर सघन पौधारोपण की तैयारियों की समीक्षा बैठक को संबोधित किया।

- जिला कलेक्टर ने की पौधारोपण तैयारियों की समीक्षा
- जिला स्तरीय कार्यक्रम बीछवाल स्थित मरूधरा बॉयोलॉजिकल पार्क में सुबह 10 बजे से होगा

**बीकानेर, (कासं)।** हरियाली तीज के अवसर पर बुधवार को सघन पौधारोपण अभियान के तहत एक ही दिन में लगभग दस लाख पौधे लगाये जायेंगे।

जिला कलेक्टर नम्रता वृष्णि ने सोमवार को इसकी तैयारियों की समीक्षा की और अधिकारियों को निर्देश दिए कि यह राज्य सरकार का अत्यंत महत्वाकांक्षी कार्यक्रम है। इसमें किसी भी स्तर पर ढिलाई नहीं हो। सभी संबंधित विभाग आपसी समन्वय रखते हुए लक्ष्य के अनुरूप पौधे लगाना सुनिश्चित करें। कलेक्ट्रेट सभागार में आयोजित बैठक में जिला स्तरीय अधिकारी मौजूद रहे। वहीं ब्लॉक स्तरीय अधिकारी वीडियो कांफ्रेंस के माध्यम से जुड़े।

इस दौरान कलेक्टर ने बताया कि जिला स्तरीय कार्यक्रम बीछवाल स्थित मरूधरा बॉयोलॉजिकल पार्क में प्रात: 10 बजे से होगा। वहीं प्रत्येक ब्लॉक में ब्लॉक स्तरीय कार्यक्रम आयोजित किए जायेंगे। उन्होंने कहा कि हरियाली तीज के अवसर पर पौधारोपण के इस समारोह को उत्सव की भांति मनाया जाए। इसमें महिलाओं की भागीदारी सुनिश्चित करें। महिलाओं को पारम्परिक लहरिया परिधान में आने के लिए प्रेरित किया जाए।

जिला कलेक्टर ने बताया कि इस दौरान जिले की स्कूलों, कॉलेजों, आंगनबाड़ी केन्द्रों, स्वास्थ्य केन्द्रों, स्काउट गाइड मुख्यालय, सड़कों के किनारे, सीवरेज ट्रीटमेंट प्लांट्स, आरएसआरडीसी कार्यस्थलों, मनरेगा कार्य स्थलों, ग्राम पंचायतों एवं पंचायत समितियों, औद्योगिक इकाईयों सहित विभिन्न सरकारी कार्यालयों में पौधे लगाए जायेंगे। उन्होंने पौधों की उपलब्धता तथा किस्म की जानकारी ली और कहा कि प्रत्येक पौधे की जिओ टेगिंग सुनिश्चित की जाए। ब्लॉक स्तरीय कार्यक्रमों में कम से कम पांच सौ पौधे लगें, यह सुनिश्चित किया जाए। जिला कलेक्टर ने कहा कि प्रत्येक ब्लॉक स्तरीय समारोह के लिए स्थान चिन्हित करते हुए इसकी सूचना उपलब्ध करवाई जाए। कार्यक्रम की बेहतर मॉनिटरिंग हो तथा अच्छी फोटोग्राफी करवाई जाए। उन्होंने कहा कि जिला स्तरीय समारोह में महिलाओं एवं कॉलेज छात्राओं को कार्यक्रम स्थल पर लाने-ले जाने के लिए वाहनों की व्यवस्था की जायेगी।

जिला परिषद के मुख्य कार्यकारी अधिकारी सोहन लाल ने बताया कि पौधारोपण के लिए वन विभाग को 1.80 लाख, शिक्षा विभाग को छह लाख तथा मनरेगा को 1.20 लाख पौधों का लक्ष्य दिया गया है। वहीं अन्य विभागों एवं कार्यालयों द्वारा बड़ी संख्या में पौधे लगाए जायेंगे। इस दौरान प्रत्येक ब्लॉक द्वारा की गई तैयारियों की समीक्षा की गई।

बैठक में उप वन संरक्षक एस. शरथ बाबू, मुख्य जिला शिक्षा अधिकारी महेन्द्र शर्मा, मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. राजेश गुप्ता, महिला एवं बाल विकास विभाग के उपनिदेशक सुभाष बिश्नोई, जिला उद्योग केन्द्र की महाप्रबंधक मंजू नैण गोदारा, राजस्थान राज्य भारत स्काउट गाइड के सहायक राज्य संगठन आयुक्त रामजस लिखाला, सर्किल ऑर्गेनाइजर जसवंत सिंह राजपुरोहित सहित नगर विकास न्यास एवं नगर निगम के अधिकारी मौजूद थे।

## पालिका अध्यक्ष कालवा बहाल, कार्यभार संभाला

**सूरतगढ़, (कासं)।** सूरतगढ़ नगर पालिका में करीब तीन माह से खाली पड़ी पालिकाध्यक्ष की कुर्सी पर एक बार फिर भाजपा के ओमप्रकाश कालवा काबिज हो गए हैं।

नगर पालिका के अध्यक्ष के कक्ष में शनिवार को कार्यवाहक अधिशासी अधिकारी राजस्व निरीक्षक अंजू सहारण ने कालवा को पालिकाध्यक्ष को पदभार ग्रहण करवाया। गौरतलब है कि गत वर्ष सीवरेज कम्पनी को अनाधिकृत भुगतान के मामले में तत्कालीन कांग्रेस सरकार ने ओमप्रकाश कालवा को न्यायिक जांच के चलते अध्यक्ष पद से निलंबित कर दिया था। इसके साथ ही कालवा की वार्ड पार्षद की सदस्यता भी निलंबित कर दी गई थी।

राज्य में भाजपा सरकार आने के बाद विगत 19 फरवरी को स्वायत शासन विभाग ने न्यायिक जांच अध्यधीन होने का हवाला देते हुए ओमप्रकाश कालवा को निलंबन से राहत देते हुए पुन: अध्यक्ष पद पर बहाल कर दिया था। लेकिन उक्त निलम्बन से बहाली के आदेश के विरूद्ध उच्च न्यायालय जोधपुर में दायर याचिका एसबी सिविल रिट क्रमांक 4553/24 में पारित आदेश 10 मई 2024 के चलते स्थगित कर दिया गया था। जिसके बाद कालवा की ओर से उच्च न्यायालय में रिट दायर की गई थी। जिसके बाद स्वायत्त शासन विभाग ने आदेश जारी कर कालवा को अध्यक्ष पद पर बहाल किया।

## सार-समाचार

### टेबल टेनिस के विजेता पुरस्कृत




रैंकिंग टेबल टेनिस टूर्नामेंट के समापन पर खिलाड़ियों को ट्रॉफी व पुरस्कार प्रदान करते अशोक कल्ला।

**बीकानेर, (कासं)।** प्रथम राजस्थान रैंकिंग टेबल टेनिस टूर्नामेंट का आज समापन समारोह आयोजित किया गया जिसमें मुख्य अतिथि राजस्थान वेटरन टेबल टेनिस कमेटी के संरक्षक प्रमोद पाटनी और राजस्थान टेबल टेनिस एसोसिएशन के वाइस प्रेसिडेंट अशोक कल्ला थे। प्रतियोगिता में अंडर 11 बालक वर्ग में उदयपुर के वेदांत मेहता विनर रहे तथा जयपुर के माण्विक शर्मा ने द्वितीय स्थान प्राप्त किया। अंडर 13 बॉयज में उदयपुर के वेदांत मेहता प्रथम स्थान व टॉक के हर्षल यादव द्वितीय स्थान पर रहे। अंडर 15 बॉयज में सिरोही के योगेश थानवी विनर तथा जयपुर के शिवम जैन रनर अप रहे। वहीं अंडर -19 बॉयज में जयपुर के अक्षत शर्मा ने सिरोही के वेद प्रकाश को संघर्षपूर्ण मैच में हराया। पुरुष वर्ग का फाइनल मैच बहुत ही संघर्षपूर्ण व रोमांचक रहा जिसमें भरतपुर के निखिल यादव ने जोधपुर के दिव्यांशु राजपुरोहित को 4-2 से हराया। अंडर 11 गर्ल्स में उदयपुर की चर्बी मोदी ने टोंक की कौशिकी को फाइनल में अंडर 13 गर्ल में स्वर्णिमा जैन ने बीकानेर की प्राची सांखला को अंडर 15 गर्ल्स में डिंपी शर्मा ने जयपुर की फेनर खान को हराकर खिताब पर कब्जा किया। अंडर 17 गर्ल्स में जयपुर की डिंपी शर्मा ने दिशा महेश्वरी को हराया। वहीं अंडर -19 गर्ल्स में सिरोही की मौलिशा थानवी ने डिंपी शर्मा को हराकर खिताब पर कब्जा किया। वहीं वूमेन कैटेगरी में सिरोही की अंशुल व्यास ने सिरोही की ही मौलिशा थानवी को हराकर खिताब पर कब्जा किया। वेटरन्स पुरुष 39 प्लस वर्ग में विजेता सचिन सोगानी उपविजेता रहे राहुल साहनी, वेटरन पुरुष 49 प्लस में विजेता रहे।

### राष्ट्रीय कृमि मुक्ति दिवस 10 को



अतिरिक्त जिला कलेक्टर (नगर) उम्मेद सिंह रतनू ने एल्बेंडाजोल दवा खिलाने की तैयारियों की समीक्षा की।

**बीकानेर, (कासं)।** राष्ट्रीय कृमि मुक्ति दिवस 10 अगस्त को मनाया जायेगा। इस दौरान एक से 19 वर्ष आयु वर्ग के बच्चों और युवाओं को एल्बेंडाजोल की दवा खिलाई जायेगी। अतिरिक्त जिला कलेक्टर (नगर) उम्मेद सिंह रतनू ने सोमवार को आयोजित साप्ताहिक समीक्षा बैठक के दौरान इससे जुड़ी तैयारी समय पर करने तथा प्रत्येक पात्र को एल्बेंडाजोल की दवाई खिलाने के निर्देश दिए। रतनू ने बताया कि कृमि मुक्ति दिवस का जिला स्तरीय कार्यक्रम लेडी एल्गिन स्कूल में आयोजित किया जायेगा। दवा लेने से वंचित रहे बच्चों व किशोर-किशोरियों को चिन्हित कर, 17 अगस्त को मॉप-अप दिवस पर एल्बेंडाजोल टैबलेट देना सुनिश्चित किया जायेगा। अभियान को सफल बनाने के लिए स्वास्थ्य, शिक्षा, महिला एवं बाल विकास सहित अन्य विभागों को समन्वय से कार्य करने के निर्देश दिए। समारोह के जिला नोडल अधिकारियों को जिला कार्यक्रम समन्यक एवं जिला औषधि भंडार से समन्वय रखते हुए एल्बेंडाजोल गोलियों की आवश्यकता अनुसार उपलब्धता व समय पर वितरण सुनिश्चित करने को कहा। मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ राजेश गुप्ता ने बताया कि पेट में कीड़े (कृमि) से निजात दिलाने वाली यह दवा सभी विद्यालयों, महाविद्यालयों, आंगनबाड़ी केन्द्रों, मदरसों, तकनीकी संस्थानों, उच्च शिक्षण संस्थानों पर नि:शुल्क खिलाई जायेगी। आशा कार्यकर्ताओं द्वारा अपने क्षेत्र के आंगनबाड़ी केन्द्रों में 1 से 5 वर्ष के अपंजीकृत बच्चों तथा विद्यालय नहीं जाने वाले 6 से 19 वर्ष के किशोर-किशोरियों की सूची बनाकर माइक्रोप्लान तैयार किया गया है।

### प्लेटफार्म, स्टेशन पर लगेगी लिफ्ट

**सूरतगढ़, (कासं)।** रेलवे स्टेशन पर अब यात्रियों को एक से दूसरे प्लेटफार्म पर जाने के लिए जान खतरे में डालकर पटरियां नहीं पार करनी पड़ेगी। उत्तर पश्चिम रेलवे की ओर से स्थानीय रेलवे स्टेशन के प्लेटफार्मों पर जल्द ही लिफ्टें लगाने का कार्य शुरू किया जायेगा, जिससे यात्रियों को एक से दूसरे प्लेटफार्म पर सुगम आवागमन की सुविधा मिलेगी। नागरिकों की करीब एक दशक पुरानी मांग पर करीब डेढ़ वर्ष पूर्व सूरतगढ़ रेलवे स्टेशन के लिए दो लिफ्टें मंजूर की गई थी। जिसके तहत रेलवे स्टेशन के प्लेटफार्म संख्या एक तथा दो व तीन पर दो लिफ्टों के निर्माण को लेकर गत वर्ष निविदाएं जारी हुई थी। लेकिन अमृत भारत स्टेशन योजना के तहत कार्य शुरू होने के चलते यह कार्य स्थगित हो गया था।

# बॉर्डर एरिया में ड्रग्स माफिया ने अपना नेटवर्क बढ़ाया

- सीमा पार पाकिस्तान से ड्रोन के जरिए आई हेरोइन की खेप के मामले में जब जांच का दायरा बढ़ा तो कई चौंकाने वाले पहलू उजागर हुए
- श्रीगंगानगर जिले के गजसिंहपुर क्षेत्र 4 एफडी के एक ही परिवार के तीन सदस्य दबोचे

**श्रीगंगानगर, (कासं)।** भारत-पाक अन्तरराष्ट्रीय सीमा से सटे गांवों में पंजाब के ड्रग्स माफिया ने अपना नेटवर्क बिछा दिया है। यह इलाके के लिए खतरनाक संकेत है। पिछले महीने सीमा पार पाकिस्तान से ड्रोन के जरिए आई हेरोइन की खेप के मामले में जब जांच का दायरा बढ़ा तो कई चौंकाने वाले पहलू उजागर हुए है।

पुलिस अधिकारियों का मानना है कि अब तक बॉर्डर पर सीमा पार हेरोइन या संदिग्ध वस्तु के आने पर ग्रामीण तत्काल जांच एजेसिंयों या बीएसएफ या पुलिस को सूचना देते थे। लेकिन कई लोग अब सूचना देने की बजाय खुद ही मोटी कमाई के चक्कर में ड्रग्स माफिया के पियादे बनने लग गए हैं। इस मामले की जांच कर रहे पदमपुर थाना प्रभारी सुरेन्द्र राणा ने पंजाब के तीन तस्करों से जब पूछताछ की तो यह जानकारी सामने आई कि गजसिंहपुर क्षेत्र के गांव 4 एफडी में रहने वाले एक परिवार के कई सदस्य उनके लोकल स्लीपर के रूप में काम कर रहे हैं। इन लोगों के साथ अन्य की भूमिका संदेह के दायरे में आ गई।

गजसिंहपुर क्षेत्र चक 4 एफडी निवासी बचन सिंह पुत्र महेन्द्र सिंह रायसिख और बलदेव सिहं उर्फ बब्बू पुत्र अक्का सिंह रायसिख को गिरफ्तार किया। इन दोनों के अलावा इन्हीं के गांव के ही आरोपी गुरमंत सिंह उर्फ मंटू पुत्र जोगेंद्र सिंह रायसिख को पहले काबू किया था। ये तीनों लोकल स्लीपर के रूप में बॉर्डर एरिया में सक्रिय थे।

इन लोगों की बॉर्डर की जीरो लाइनिंग तक के खेतों के हर चप्पे चप्पे से वाकिफ थे। इसी का फायदा पंजाब के ड्रग्स माफिया ने उठाया। जब बॉर्डर पार से ड्रोन पर आई हेरोइन की खेप को लेने के लिए गांव 4 एफडी के रहने वाले इसी परिवार के लोगों ने पैकेट उठाए और उन्हें सुरक्षित ठिकाने पर पहुंचाने के लिए पंजाब के तस्करों से संपर्क साधा। पदमपुर एसएचओ ने बताया कि गजसिंहपुर क्षेत्र चक 4 एफडी निवासी बलदेव सिहं उर्फ बब्बू पुत्र अक्का सिहं को अदालत ने न्यायिक अभिरक्षा में भेज दिया। जबकि बचन सिंह पुत्र महेन्द्र सिंह रायसिख से इस प्रकरण में अन्य लोगों की भूमिका के बारे में पूछताछ करने के लिए अदालत से पांच दिन का पुलिस रिमांड हासिल किया है।

इन दोनों के अलावा इन्हीं के गांव के ही आरोपी गुरमंत सिंह पुत्र जोगेंद्र सिंह रायसिख को पहले काबू किया था। तीनों एक ही परिवार के सदस्य है। इनके अलावा और भी लोग शामिल है या नहीं यह जांच की जा रही हैं।

## राम मंदिर के शिवालय में सचेतन झांकियां

**बीकानेर, (कासं)।** विश्वकर्मा गेट के बाहर राम मंदिर परिसर में नर्बदेश्वर शिवालय में सोमवार को जयपुर से मंगवाई गई विशेष प्रतिमाओं की झांकी सजाई गई। महादेव का नेपाल से मंगवाए गए 3100 रूद्राक्ष से श्रृंगार कर भक्तों के माध्यम से 1100 बिल्व पत्रों का अभिषेक व पूजन किया गया।

मंदिर के संस्थापक पवन पुरोहित ने बताया कि भगवान राम की ओर से रामेश्वर शिवलिंग की पूजा, भगवान गणेश मृदंग वादन करते हुए, भगवान शिव, पार्वती के साथ वन में विचरण करने वाले बंदर, पशु पक्षियों व फूलों की झांकी प्रदर्शित की गई।

झांकी के लिए आदमकद प्रतिमाएं जयपुर से मंगवाई गई। ढढ्ढा चौक के नर्बदेश्वर महादेव मंदिर, सीताराम गेट के गौरीशंकर महादेव मंदिर में पूजन व अभिषेक किया गया। बारिश के मौसम के बावजूद दर्शनार्थियों की भीड़ ने मेले का रूप ले लिया। मंदिर के आगे खिलौने, माला प्रसाद आदि की अनेक अस्थाई दुकानें लगी थी। श्रद्धालुओं ने बारिश के मौसम में सोमवार को भोलेनाथ को बिल्व पत्र चढ़ाकर अभिषेक किया।

## सड़कों को तोड़कर छोड़ा, बदहाल हुआ शहर

- पेयल लाइन बिछाने के नाम पर चार महीने पहले तोड़फोड़ के बाद ठेका कंपनी अब मरम्मत के लिए नहीं आ रही हैं

**श्रीगंगानगर, (कासं)।** पूरा इलाका आरयूआईडीपी की ओर से वाटर लाइन और सीवर लाइन से तंग आ चुका है लेकिन जिम्मेदार अफसर और जनप्रतिनिधियों के बावजूद ठेका कंपनी हावी है। बरसात के सीजन के बावजूद सड़कों को उधड़ने और वापस उसकी मरम्मत नहीं करने से कई वार्डों के भवनों की नींव अब हिलने लगी हैं।

गुरूनानक बस्ती के कई मकानों में दरारें आ चुकी हैं। वहीं ब्लॉक एरिया के पुराने मकानों की नींव में बरसाती पानी घुसने लगा हैं। आरयूआईडीपी ने वर्ष 2016 से यह काम दो साल की समय अवधि 2018 में पूरा करने की बजाय उसे अब तक 2024 तक चला रखा हैं। वाटर लाइन और सीवर लाइनें बिछी या नहीं लेकिन सड़कों की हालत जर्जर हो चुकी हैं। जहां सड़कों के पुनर्निर्माण की प्रक्रिया अपनाई गई वह बरसाती पानी में धंस चुकी हैं।

बाजार एरिया में वाटर लाइन बिछाने के नाम पर चार महीने पहले तोड़फोड़ के बाद ठेका कंपनी अब वहां मरम्मत के लिए नहीं आ रही हैं। विधायक के आवास के पास सदर बाजार, तह बाजरी, छोटी धानमंडी एरिया, जवाहर मार्केट एरिया, संतोषी माता मंदिर रोड, महावीर शॉपिंग सैटर एरिया में क्षतिग्रस्त सड़कों के कारण ग्राहक आने से कतराने लगे हैं। जनहित के मुद्०दों पर आवाज उठाने वाली संयुक्त व्यापार मंडल भी अब चुप्पी साधे हुए हैं।

दुकानदारों का कहना है कि महावीर दल मंदिर के आसपास सड़कें टूटी पड़ी है। दुपहिया वाहन आए दिन गिरते हैं। सुखाडिया सर्किल गोपीराम बगीची की दीवार से लेकर गणगौर नगर, वेलकम विहार, गांधीनगर और विनोबा बस्ती तक पूरी रोड वाटर लाइन बिछाने के नाम पर तोड़ी गई लेकिन लाइन बिछाने के बाद मरम्मत नहीं की।

## 31 दिसम्बर तक रहेगी अरोड़वंश कार्यकारिणी

**श्रीकरणपुर, (कासं)।** आगामी दो साल के कार्यकाल के लिए नई कार्यकारिणी के गठन को लेकर अरोड़वंश समाज की बैठक हुई। इसमें वर्तमान अध्यक्ष के नाम पर समर्थन व तालियां बजने के बाद अचानक ऐतराज होने पर हंगामे की स्थिति बन गई।

संरक्षक मंडल के हस्तक्षेप के बाद आखिर 31 दिसम्बर तक फिलहाल इसी कार्यकारिणी को ही बनाए रखने पर सहमति बनी। जानकारी के अनुसार नई कार्यकारिणी के गठन को लेकर अरोड़वंश समाज की बैठक अरोड़वंश भवन परिसर में हुई। इस दौरान समाज के संस्थापक अरूटजी महाराज के जयघोष के साथ बैठक का आगाज किया गया। मंचासीन अरोड़वंश समाज संरक्षक मंडल के जगदीशप्रसाद रस्सेवट, सुभाष बवेजा, अमरनाथ मोंगा, रामलाल छाबड़ा, समाज अध्यक्ष डॉ. हजारीलाल मुटनेजा व शिव दुर्गा संकीर्तन मंडल अध्यक्ष नीलू रस्सेवट ने बैठक की कार्यवाही शुरू की। समाज के उपाध्यक्ष ओमप्रकाश पाहवा ने पिछले दो साल में कराये गए विकास कार्यों की जानकारी व आय-व्यय का लेखा जोखा पेश किया।

इस दौरान उन्होंने कहा कि अरोड़वंश मंदिर, धर्मशाला व भवन को सोलर सिस्टम से जोडना व अरोड़वंश भवन को वातानुकूलित करना समिति के दो ड्रीम प्रोजेक्ट हैं।

## सितम्बर का गेहूं आवंटित

**बीकानेर, (कासं)।** खाद्य सुरक्षा योजनान्तर्गत सितम्बर माह के लिए जिले को 62 हजार 477.45 क्विंटल गेहूं का आंवटन किया गया है। जिला कलेक्टर नम्रता वृष्णि ने भारतीय खाद्य निगम बीकानेर से गेहूं का सम्पूर्ण उठाव 31 अगस्त तक सुनिश्चित करने के लिए निर्देश दिए हैं।

गेहूं का वितरण अन्त्योदय, बीपीएल, स्टेट बीपीएल, पीएचएच श्रेणी के राशनकार्ड धारियों को नि:शुल्क किया जायेगा। अन्त्योदय परिवारों को 35 किग्रा गेहूं प्रति राशन कार्ड तथा बीपीएल, स्टेट बीपीएल, पीएचएच अन्य श्रेणी के राशन कार्डधारियों को 5 किग्रा प्रति व्यक्ति नि:शुल्क वितरित किया जायेगा।

## निलंबन पर अटैच राशन डीलर को चार्ज नहीं देने पर कार्रवाई : गोदारा

**बीकानेर, (कासं)।** खाद्य एवं नागरिक आपूर्ति मंत्री सुमित गोदारा ने सोमवार को विधानसभा में कहा कि राशन की दुकान के निलंबन के बाद नियमानुसार उसका चार्ज निकटतम राशन डीलर को अधिकतम 6 माह तक देने का प्रावधान है।

उन्होंने आश्वस्त किया कि बीकानेर जिले में नियम विरूद्ध तरीके से अन्य राशन डीलर को 6 माह से ज्यादा समय तक अटैच करने तथा निकटतम राशन डीलर को चार्ज न देकर दूर के राशन डीलर को चार्ज देने के मामले की जांच कर दोषियों के विरूद्ध नियमानुसार कार्रवाई की जायेगी। खाद्य एवं नागरिक आपूर्ति मंत्री प्रश्नकाल के दौरान सदस्य द्वारा इस संबंध में पूछे गए पूरक प्रश्नों का जवाब दे रहे थे। उन्होंने बताया कि बीकानेर जिले में कुल 864 उचित मूल्य दुकाने हैं, जिसमें से ग्रामीण क्षेत्र में 579 तथा शहरी क्षेत्र में 285 दुकानें हैं।

इससे पहले विधायक अंशुमान सिंह के मूल प्रश्न के लिखित जवाब में खाद्य एवं नागरिक आपूर्ति मंत्री ने बीकानेर जिले में स्थापित उचित मूल्य की दुकानों के राशन डीलर का नाम, गांव का नाम सहित विवरण सदन के पटल पर रखा।

उन्होंने बताया कि जिला बीकानेर में निलम्बित कुल 17 उचित मूल्य दुकानों एवं अटैच दुकानदारों का दिनांक सहित विवरण सदन के पटल पर रखा। गोदारा ने बताया कि बीकानेर जिले में 09 राशन दुकानों (07 रिक्त एवं 02 नवसृजित) के आवेदन लंबित है। पूर्व में कोरम के अभाव में बैठक स्थगित होने, चुनाव आचार संशहिता लगने एवं आवंटन सलाहकार समितियों के गैर सरकारी सदस्यों का मनोनयन समाप्त किये जाने के कारण आवटन प्रक्रिया नहीं हो सकी है। अत: उचित मूल्य दुकान आवंटन सलाहकार समिति के गठन उपरान्त उक्त आवेदनों का शीघ्र निस्तारण किया जायेगा।

# पेमासर गांव में प्रत्येक घर के बाहर लगाया जायेगा नीम और सहजन का पौधा



पेमासर गांव में प्रत्येक घर के बाहर नीम और सहजन का एक-एक पौधा लगाने की तैयारी बैठक को कुलपति प्रो. अरूण कुमार सिंह ने संबोधित किया।

- पेमासर गांव में पशु चिकित्सा शिविर में बीमार पशुओं का इलाज और वैक्सीनेशन होगा

**बीकानेर, (कासं)।** स्वामी केशवानंद राजस्थान कृषि विश्वविद्यालय के द्वारा हाल ही में गोद लिए गांव पेमासर में प्रत्येक घर के बाहर नीम और सहजन का एक-एक पौधा लगाया जायेगा।

साथ ही गांव में पशु चिकित्सा शिविर व जागरूकता एवं मूल्य संवर्धन प्रशिक्षण कैम्प का भी आयोजन किया जायेगा। 7 अगस्त को सुबह साढ़े 11 बजे से डेढ़ बजे तक आयोजित होने वाले इन कार्यक्रमों की तैयारियों को लेकर सोमवार को कुलपति डॉ अरूण कुमार ने कुलपति सचिवालय सभागार में संबंधित डीन, डायरेक्टर्स व कृषि वैज्ञानिकों की बैठक ली।

कुलपति डॉ अरूण कुमार ने बताया कि 7 अगस्त को सुबह साढ़े 11 बजे से दोपहर डेढ़ बजे तक पेमासर गांव में जिला प्रशासन व राजुवास के सहयोग से शिविर का आयोजन किया जायेगा। शिविर की शुरूआत पेमासर गांव में प्रत्येक घर के बाहर नीम और सहजन का एक-एक पौधा लगाकर की जायेगी। पौधों की सार संभाल के लिए संबंधित घर के लोगों से अपील की जायेगी। विश्वविद्यालय के संबंधित कृषि वैज्ञानिक भी समय समय पर पौधों की देखरेख करेंगे।

इसके अलावा राजुवास के सहयोग से पेमासर गांव में पशु चिकित्सा शिविर का आयोजन किया जायेगा। जिसमें बीमार पशुओं का इलाज और वैक्सीनेशन होगा। साथ ही हॉर्टिकल्चर विभाग के कृषि वैज्ञानिक गांव के लोगों को विभिन्न उद्यानिकी फसल उत्पादों के मूल्य संवर्धन को लेकर प्रशिक्षण देंगे। कुलपति ने बताया कि हाल ही में स्वामी केशवानंद राजस्थान कृषि विश्वविद्यालय के 38 वें स्थापना दिवस पर 1 अगस्त को आयोजित कार्यक्रम में पेमासर गांव को विश्वविद्यालय सामाजिक उत्तरदायित्व (यूएसआर) के तहत गोद लिया है।

कृषि विश्वविद्यालय जिला प्रशासन व राजुवास के सहयोग से गांव में जागरूकता के विभिन्न कार्यक्रम आयोजित कर गांव के प्रत्येक व्यक्ति के चेहरे पर मुस्कान लाने को लेकर प्रयासरत रहेगा। बैठक में कुलपति के अलावा प्रसार निदेशक डॉ पी,एस. शेखावत आदि मौजूद रहेंगे।

## हरियाली तीज पर वन महोत्सव की तैयारियों का लिया जायजा



संभागीय आयुक्त वंदना सिंघवी ने हरियाली तीज पर आयोजित होने वाले वन महोत्सव की तैयारियों का जायजा लिया।

**बीकानेर, (कासं)।** हरियाली तीज के अवसर पर सघन पौधारोपण अभियान के तहत मरुधरा बायोलॉजिकल पार्क में आयोजित होने वाले जिला स्तरीय कार्यक्रम की तैयारियों का जायजा लेने के लिए संभागीय आयुक्त वंदना सिंघवी ने सोमवार को संबंधित विभागों के अधिकारियों के साथ व्यवस्थाओं का निरीक्षण किया।

संभागीय आयुक्त सिंघवी ने कहा कि हरियाली तीज के अवसर पर आयोजित होने वाले इस महोत्सव से आमजन में पौधारोपण के प्रति संदेश जाए इसके लिए समस्त तैयारी पूरी रखें। उन्होंने कहा कि जनप्रतिनिधि और स्थानीय गणमान्य नागरिकों को भी इस अभियान में शामिल किया जाए। संभागीय आयुक्त ने समारोह स्थल पर छाया, पानी सहित अन्य व्यवस्थाओं को सुचारू रखने के निर्देश दिए।

उन्होंने कहा कि स्थानीय जलवायु में अनुकूलित पौधों जैसे रोहिड़ा, नीम, खेजड़ी, जाल इत्यादि का चयन किया जाए। उन्होंने पार्क के मुख्य मार्ग से अंदर के रास्ते के दोनों ओर भी छायादार पौधे लगवाने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि रेगिस्तान जलवायु को ध्यान में रखते हुए ऐसे पौधों का चयन करें जिन्हें यहां कम पानी व देखभाल की आवश्यकता हो।

संभागीय आयुक्त ने मरुधरा बायोलॉजिकल पार्क की प्रगति का भी जायजा लिया और अब तक हुए कार्य की जानकारी ली उन्होंने कहा कि बकाया कार्य पूरी गुणवत्ता के साथ समय पर पूरा करवाएं।